## एक नजर में

### आयुक्त ने किया वार्ड 14 व 15 का पैदल भ्रमण



**देवास।** वार्ड 14 ग्राम बीराखेडी एवं वार्ड 15 अमोना मे आयुक्त दलीप कुमार ने पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से वन टु वन चर्चा की गई। बस्ती का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था मे कचरा पाईंट मिलने पर वार्ड दरोगा को सख्त चेतावनी दी वहीं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल कचरा उठवाये जाने हेतु कहा वहीं रहवासियों को कचरा पाईंट नही बनने की हिदायत दी। पानी के वितरण पर भी चर्चा की, वार्डवासियों ने बताया कि पानी साफ आ रहा है। वहीं आयुक्त ने चन्द्रशेखर आजाद मल्टी का अचानक निरीक्षण किया जिसमें सफाई व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ड्रेनेज व्यवस्था भी देखी ओर सफाई व्यवस्था को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की। पीने के पानी की टंकी को स्वंय आयुक्त ने देखी जिसकी तत्काल सफाई करवाने निर्देश देते हुये उसकी फोटो तथा सफाई कार्य होने के बाद की फोटो दिये जाने हेतु कहा। वहीं मल्टी में कचरा संग्रहण की वसुली एवं जलकर राशि की वसुली नही होने पर वसुली करवाये जाने के लिये प्र. कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये।

### गुर्जर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी



**टोंक खुर्द।** अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना भारत मे ग्राम बड़नपुर जिला शाजापुर के युवा ऊर्जावान समाज हित के नेतृत्व करने वाले माखन सिंह गुर्जर को अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना भारत संस्था मे युवा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर समूचा मध्य प्रदेश गुर्जर समाज जनो ने हर्ष व्याप्त कर बधाई दी।

### सफाईकर्मियों ने नाली सफाई करने से मना किया

**सोनकच्छ।** नगर के वीआईपी रोड डाक बंगला की नालिया काफी समय से साफ नही हुई थी। जिसके कारण लोगों समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या को लेकर इस मार्ग पर रहने वाले लोगों ने सीएम हेल्पलाइन पर गंदगी की शिकायत की। जिसके बाद सीएमओ अमरदास सेनानी ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों को नोटिस जारी अतिक्रमण हटाने का कहा। सतवास कांड के बाद सीएमओ आपसी समझाईश से लोगों ने स्वत: अतिक्रमण हटा दिया था। सफाई के लिए सीएमओ सेनानी ने सफाई दरोगा अनिल धौलपुरे को आदेश जारी करते हुए उल्लेख किया कि, नप में विनियमित व दैनिक वेतन भोगी कुल 47 कर्मचारी है, इनमें से 12 कर्मचारी अतिक्रमण हटाएं गए स्थल प्र जाकर सफाई कार्य करेंगे व मटेरियल को उठाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। शुक्रवार को सफाई कार्य शुरु होना था लेकिन नप के सफाईकर्मियों ने यह कहकर कार्य करने से मना कर दिया कि, तीन माह का वेतन दिया जाएं उसके बाद ही कार्य करेंगे। अगर कार्य करवाना है तो बाहरी लोगों को लाकर कार्य करवा लें। और सीएमओ से बहसबाजी करने लगे। उधर सीएमओ का कहना है कि शासन के आदेशानुसार आदर्श कार्मिक संरचना अंतर्गत 33 सफाई कर्मचारी होना चाहिए लेकिन 83 है, 50 कर्मचारी अतिरिक्त है। इसीलिए आगामी परिषद की बैठक में कर्मचारी निकालने के प्रस्ताव परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। क्योंकि इनकी वजह से समय से वेतन नही दे पाते है। रही आदेश न मानने कि तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अगर दरोगा पर भी एक्शन लेना होगा तो लिया जाएगा।

### आनन्द सूत्रम की प्रतियोगिता का शुभारंभ

**देवास।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ देवास के हेमेन्द्र निगम काकू ने बताया कि आनन्द मार्ग के धर्मशास्त्र आनन्द सूत्रम की विश्व स्तरीय प्रतियोगिता ऑन लाईन सम्पन्न की जा रही है प्रतियोगिता में संस्था के सदस्य भाग ले रहे हैं।उक्त प्रतियोगिता में विदेशों सहित भारत के विभिन्न शहरों देवास, उज्जैन, रेहटी, भोपाल, इंदौर, के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं।प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम समाप्ति पश्चात निर्णायको द्वारा घोषित कर विजेता को पुरस्कृत किया जावेगा। आनन्द मार्ग प्रचारक संघ देवास के भुक्तिप्रधान दीपसिंह तंवर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य रामेन्द्रानंद अवधूत एवं अवधूतिका चित्तप्रभा आचार्य मनीला सेक्टर थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस ऑन लाईन प्रतियोगिता से आध्यात्मिक साधको को धर्म शास्त्र के मर्म सहित सनातन धर्म की जानकारी भी मिलेंगी। कार्यक्रम में प्रभात संगीत का गायन सुन्दरम दादा, किरण दीदी, रत्नेश दादा द्वारा किया गया, निर्णायक की भूमिका आचार्य कल्याणमित्रानन्द अवधूत व दिनेश प्रकाश दादा निभा रहे हैं।टाईम कीपर की भूमिका निरूपण देव दादा निभा रहे हैं।प्रतियोगिता में 05 से 84 वर्ष की आयु के साधक गण भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन व्यंजना दीदी एवं अजय भल्ला ने किया। उक्त जानकारी हेमेन्द्र निगम ने दी।

### बच्चों की डोर परिवार के हाथ में होना चाहिए : ठाकुर

**सोनकच्छ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सोनकच्छ में तिल-लड्डू वितरण एवं शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को इंग्लिश ग्रामर एवं जनरल नॉलेज की पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे. सौभाग सिंह ठाकुर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की डोर उनके परिवार के हाथ में होना चाहिए, तभी वे सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। शिक्षा के साथ संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पीडीजी सत्यनारायण लाठी एवं पीडीजी डॉ. जामीन हुसैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर ने की। इस अवसर पर क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर पूर्व अध्यक्ष मोहन सिंह बघेल, सुरेशचंद्र यादव, शंकरलाल शर्मा, ईश्वर सिंह जाधव, डॉ. अरविंद धाकड़, अरुण शर्मा तथा आरसीसी मंडल प्रतिनिधि अखिलेश राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब द्वारा छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु इंग्लिश ग्रामर एवं जनरल नॉलेज की पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक फारूक सर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने किया।

### वार्ड 22 में डामरीकरण कार्य का शुभारंभ

**देवास।** वार्ड 22 मे कायाकल्प योजनान्तर्गत 12 लाख की लागत से जवाहर नगर मे पानी की टंकी के पास का डामरीकरण रोड बनाये जाने का शुभारंभ विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, पार्षद राहूल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव महामंत्री मनीष सोलंकी के साथ मशीन का पूजन कर रोड डामरीकरण कार्य आरंभ करवाया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार की इस कायाकल्प योजना के अन्तर्गत जवाहर नगर मे पानी की टंकी के पास का डामर रोड बन रहा है। हमारी सरकार के कार्यकाल एवं हमारी विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में देवास मे चहुंमुखी विकास कार्य बिना भेदभाव से कर रहे है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री वर्मा ने विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं उपस्थित सभी का आभार माना।

## जामगोद में पॉकलेन-डंपर से अवैध उत्खनन, साठगांठ के आरोप





**भाजपा नेता के संरक्षण में हो रही मुरम की लूट**
**जामगोद की पहाड़ी पर रातभर चल रहीं मशीनें**

**जितेन्द्र पुरोहित**

**देवास।** जिले की जामगोद ग्राम पंचायत अंतर्गत स्थित पहाड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मुरम उत्खनन किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय ग्रामीणों एवं सूत्रों के अनुसार यह अवैध उत्खनन खनिज विभाग की कथित साठगांठ से लंबे समय से जारी है। बताया जा रहा है कि सादिक नामक व्यक्ति द्वारा यह उत्खनन कार्य किया जा रहा है, जिसे भाजपा के एक प्रभावशाली नेता का संरक्षण प्राप्त होने की चर्चा क्षेत्र में है। आरोप है कि रात के अंधेरे में पॉकलेन मशीनों और भारी डंफरों के माध्यम से लगातार मुरम निकाली जा रही है, जिससे पहाड़ी का स्वरूप तेजी से नष्ट हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, साथ ही शासन को राजस्व की भी क्षति हो रही है। इसके बावजूद खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा खनिज विभाग की भूमिका की भी जांच हो। इस संबंध में जब खनिज विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका।

## सेना दिवस पर वाहन रैली निकाली



**देवास।** 15 जनवरी को 78 वे सेना दिवस के उपलक्ष्य मै सैनिक संगठन द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि बीजेपी जिलाध्यक्ष राय सिंह, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, एडिशनल एसपी भदोरिया, जिला खेल अधिकारी के द्वारा रैली को फ्लैग दिखाकर रवाना किया गया। रैली तुकोजीराव पवार स्टेडियम से भोपाल चौराहा, बस स्टैंड, सयाजी गेट से एम जी रोड, घंटा घर, जनता बैंक चौराहा, नयापुरा, नाहर दरवाजा से तुकोजीराव स्टेडियम पर पहुंचकर संपन्न हुई।

रवि जैन सभापति, युवा भगतसिंह क्लब, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (राम वंशज) के द्वारा मंच से रैली का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा एनसीसी के बहादुर बच्चे सिरोलिया, बरोठा, नापा खेड़ी, देवली, जय हिन्द एकेडमी, आजाद डिफेन्स एकेडमी, सन्नी फिजिकल एकेडमी चिढ़ावाद से पधारे सेनिको का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

## राणा मप्र बलाई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बने



**देवास।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने देवास के अधिवक्ता विजेन्द्र राणा को समाज के उत्थान एवं संगठन क्षमता को देखते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राणा की नियुक्ति पर विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, ओम जोशी, भाजपा नेता मदनलाल कहार, शिव कुमार चौहान, राजकुमार मालवीय, संजु हिरवे, सतीश सिंदल उज्जैन, चिंटू मालवीय, राकेश सोलंकी, डॉ. राजेन्द्र गुजराती, गोविंद भालेराव इंदौर, विजय कटेसरिया, गोविंद मालवीय, मनोज गर्ग, संजू मालवीय, दादू चौहान, सुभाष मालवीय, जीतू मालवीय, कुंदन मालवीय, राकेश नागर, सुमन सर, मनीष डांगी, प्रमोद डोंगलिया, विजय मालवीय, धर्मेन्द्र मालवीय देवास, बाबूलाल मालवीय सर, गजेन्द्र मालवीय, देवकरण पहलवान, फूलसिंह मालवीय आष्टा, गुलाबसिंह नागदिया, अज्जू मालवीय, जितेन्द्र मालवीय सोनकच्छ, हिम्मतसिंह, विक्रम मालवीय, सुमन सौराष्ट्रीय शाजापुर, जितेन्द्र गेहलोद, ओ.पी. गेहलोद, सुमित मालवीय नागदा आदि ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार का आभार व्यक्त किया।

## सोनकच्छ में 12 से 16 जनवरी तक ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा संपन्न



**सोनकच्छ।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक सोनकच्छ में ब्लॉक स्तरीय (बालक एवं बालिका) की चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन स्पर्धा का आयोजन विभिन्न खेलों के अनुसार अलग-अलग स्थलों पर किया गया। फुटबॉल एवं वॉलीबॉल चयन स्पर्धा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर, सोनकच्छ में आयोजित की गई। एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी एवं रस्साकसी चयन स्पर्धा पायोनियर इंटरनेशनल स्कूल, सोनकच्छ में संपन्न हुई। वहीं योगासन चयन स्पर्धा का आयोजन माँ जिनवाणी पब्लिक स्कूल, पुष्पगिरि, सोनकच्छ में किया गया। पाँच दिवसीय इस चयन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन युवाओं में खेल भावना के विकास, सामूहिक सहभागिता तथा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के अवसर पर जावेद पठान (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास), राजेंद्र सेंधव सचिव देवास कबड्डी कॉरपोरेशन, फुटबॉल कोच विल्सन निनामा, सचिन सिंह परिहार, वॉलीबॉल कोच आयुष गांगुड़े, खेल शिक्षक रॉबर्ट निनामा, खेल प्रशिक्षक राहुल सिंह पिलवाली, साकिर ख़ान, गंगाराम परमार, दुर्गेश जाजू, प्रेम मालवीय, पुष्पेंद्र तोमर, राहुल राठौर, मेघराज चावड़ा, राहुल वर्मा, अजीम शेख, अंकित टोपो एवं धर्मवीर यादव उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन स्थानीय विद्यालय प्रशासन, खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ।

## मप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड एवं वन विभाग द्वारा पानीगांव रेंज में अनुभूति कैंप



**कन्नौद।** वन परिक्षेत्र पानीगांव (क्षे) अंतर्गत वनमंडल अधिकारी देवास अमित चौहान, के निर्देशन में उप वनमण्डलाधिकारी देवास विकास माहोरे के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पानीगांव मनीषा बुन्देला की उपस्थिति में मप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त कार्यक्रम अनुभूति केम्प का आयोजन बीट थूरिया के कक्ष 171 कल्यादेह में किया गया। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय बावड़ीखेड़ा एवं सेती के 126 विद्यार्थियों को वन क्षेत्र में प्रकृति के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के प्रेरक वृन्दावन मीणा द्वारा बच्चो को वन संपदा, पर्यावरण का महत्व, वन्यजीवों का महत्व वनों से जुड़े प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष लाभ के बारे में बताया। बाद बच्चो को वन भ्रमण के दौरान वृक्षो की प्रजातियों ओर उनसे जुड़े औषधीय फायदों के बारे में जानकारी दी भोजन के बाद क्विज प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को पुरष्कार वितरण किये गए। परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा बच्चो को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए जीवन मे हम है प्रकृति के दूत थीम के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम जागठ के सरपंच सोनाली बट्टी के द्वारा बच्चो को प्रकृति के प्रति सजग रहने एवं भविष्य में नशे से दूर रहकर नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी नंदनी मीणा, द्वितीय स्थान कुमारी मोनिका रामविलाश तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सुनील पिता विमल को प्रमाण पत्र और शील्ड भेट कर पुरष्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम का विशेष सहयोग रहा। परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा अतिथियों एवं स्कूल स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को पौधे भेट किये। कार्यक्रम में मुख्यत: राजेन्द्रसिंह चुंडावत कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल, विनोद कुमारसिह कार्य वाहक वनपाल, कृष्णकांत भूरिया कार्य वाहक वनपाल, वन रक्षक अवधराज मिश्रा, कचरु कालेन, निरज शर्मा, पवन धुर्वे, कैलाश नंदानिया, पप्पूसिंह जामले, जोगेन्द्रसिंह राणा, पवन बेरागी सहित समस्त सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। अंत में आभार वनपाल विनोद कुमार सिंह ने व्यक्त किया।

## 15 लाख से अधिक बकाया होने पर कुर्की व तालाबंदी की कार्रवाई




**देवास।** निगम संपत्ति कर की टीम ने वसुली का लक्ष्य पूर्ण करने के लिये कुर्की व तालाबंदी जैसी कार्यवाही आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन मे की जा रही है।

बकायादारों के द्वारा वर्षो से जिन्होनें अपनी बकाया राशि जमा नहीं की है उन पर शिकंजा राजस्व विभाग की टीम ने कसा। तालाबंदी की कार्यवाही मे भोपाल बायपास स्थित चौहान रेस्टोरेंट नाश्ता पाईंट एवं पास ही मे मोहन महल मक्खन वाला रेस्टोरेंट पर संपत्ति कर की 15 लाख 22 हजार का संपत्तिकर बकाया होने से कुर्की की कार्रवाई कर तालाबंदी की गई। जलकर वसूली सीवरेज कनेक्शन, कचरा संग्रहण राशि की वसुली भी लक्ष्य पूरा करने हेतु आयुक्त ने राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को निर्देश दिये।

## क्षत्रिय महासभा रामवंशज ने किया रैली का स्वागत

**देवास।** 78 वे भारतीय सेना दिवस के अवसर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, एनसीसी के बच्चों द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। मार्ग में विभिन्न संगठनो द्वारा जोश जूनून ओर जज्बे के साथ रेली का स्वागत अभिनंदन किया गया। डायमण्ड चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामवंशज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह पंवार व प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ठा. रविन्द्र सिंह पंवार के नेतृत्व में सेना वाहन रैली का पुष्प वर्षा ओर तिरंगे मफलर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासभा संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक, राजनीति, धार्मिक संगठनों के उमेश झंवर, शरीफ मामू, जितेंद्र सिंह मोंटा दरबार, दीप सिंह, नीलेश वर्मा, मोहन राजपूत, मनोहर सिंह मकवाना, आनंद ठाकुर, गायक सलिम् भाई, मुबारिक मंसूरी, कृपाल सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह, जगदीश सिंह तथा व्यापारी बंधुओ ने उत्साह पूर्वक अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। उक्त जानकारी आ.भा.क्ष.महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ठा. रविन्द्र सिंह पंवार ने दी।

## सतवास में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, एक गम्भीर घायल





**सतवास।** सतवास में कल दो सड़क दुर्घटना हुई जिसमे सतवास नगर परिषद के अतवास में एक युवक तेज़ रफ्तार डंफर की चपेट मे आ गया जिसे गंभीर हालत में सतवास सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। सतवास से प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। अतवास टक्कर की घटना के बाद डंफर चालक डंफर छोड़ कर भाग गया। गुस्साए नागरिकों ने चक्काजाम कर ईस्प्रेड बेकर बनाए जाने की मांग को लेकर सड़क पर बैठ गए। दोनों और सैकड़ों वाहन रूक गए जाम लग गया जाम की स्थिति देख सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर, थाना प्रभारी मनोज सिंह तत्काल पुलिस दल के साथ पहुंचे उन्होंने नागरिकों को से बात कर समस्या का हल करने की बात कही और एक्सीडेंट करने वाले डंफर को पुलिस थाने में खडा करवाया गौरतलब हैं कि कन्नौद में सड़क निर्माण कार्य चलने के कारण मार्ग बंद कर देने के कारण सतवास से वाहनों को निकलना पड़ रहा हैं, जिसमे भारी मात्रा में रेत के डंपर तेज़ गति से दौड़ रहे है, चंद दिनों पहले घायली ग्राम में भी एक घर में तेज गति से दौड़ रहा रेत का डंपर घुस गया था जो आज भी वहीं खड़ा है। वहीं दूसरी घटना सतवास पुनासा रोड की है यहां एक मोटर साइकिल सवार कार में टकरा गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई

**एक नजर** बेस्ट टीचर अवार्ड फॉर ऑनलाइन टीचिंग एट कोविड-19 टाइम श्रेणी में प्रदान किया गया

## शिक्षक डॉ. अनारसिंह वर्ल्ड एक्सीलेंस बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मानित



**टोंकखुर्द।** शिक्षा की साधना जब निष्काम भाव और नवाचार के संगम से परिपूर्ण होती है, तो उसकी गूँज वैश्विक पटल पर सुनाई देती है। इसी की जीवंत मिसाल पेश की है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोंकखुर्द में कार्यरत उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ.अनार सिंह ठाकुर ने।उनकी अद्वितीय शैक्षणिक सेवाओं और कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में शिक्षा की लौ को प्रज्ज्वलित रखने के साहसी प्रयासों के लिए उन्हें प्रतिष्ठित वर्ल्ड एक्सीलेंस बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है। विपदा में खोजा समाधान बेस्ट टीचर का खिताब डॉ.ठाकुर को यह सम्मान मुख्य रूप से बेस्ट टीचर अवार्ड फॉर ऑनलाइन टीचिंग एट कोविड-19 टाइम श्रेणी में प्रदान किया गया है। जब संपूर्ण विश्व वैश्विक महामारी के अंधकार में डूबा था और विद्यालयी शिक्षा के द्वार बंद थे, तब डॉ,ठाकुर ने तकनीकी नवाचारों को अपना सारथी बनाया।उन्होंने न केवल डिजिटल माध्यमों से विद्यार्थियों को जोड़ा, बल्कि अपनी रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों से शिक्षा को बोझिल होने से बचाया।उनकी इसी अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता ने आज उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है।प्रशस्ति पत्र और वैश्विक पहचान संस्था द्वारा जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस में डॉ. ठाकुर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनके समर्पण ने शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। सम्मान पत्र पर दर्ज शब्द उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। डॉ,ठाकुर के असाधारण प्रयासों और शैक्षणिक ईमानदारी ने विद्यार्थियों के जीवन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। यह सम्मान उनकी राष्ट्र और समाज के प्रति बहुमूल्य सेवा का प्रतीक है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोंकखुर्द के शिक्षक डॉ. ठाकुर की इस उपलब्धि से पूरे देवास जिले सहित शिक्षा विभाग में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस सफलता पर शिक्षाविदों, सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे टोंकखुर्द के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

**साधना का प्रतिफल**

डॉ,अनार सिंह ठाकुर का यह सफर उन सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने कौशल और संकल्प से बड़े बदलाव लाने का माद्दा रखते हैं। उनका चयन यह सिद्ध करता है कि यदि कार्य के प्रति निष्ठा हो, तो भौगोलिक सीमाएँ कभी सफलता में बाधक नहीं बनतीं। डॉ,अनारसिंह ठाकुर की इस उपलब्धि पर समाजसेवी विमल कुमार सांखला, शिक्षाविद कमल सिंह टांक, वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा, पत्रकार नरेंद्र सिंह बेस, देवेंद्र सिंह गेहलोद, रविंद्र गौर, गीतकार सुरेंद्र सेंधव, डॉ गोकुल नागर एवं उनके शिक्षक साथी हिमरत सिंह तोमर, अर्चना प्रजापति, अंबिका सोमानी, जितेंद्र मालवीय, सारिका मदी, संजीदा अली, फरहद कुरैशी, बबीता नामदेव, लाल सिंह बाघमार, सरिता पवार, पदमा गोयल, अर्चना तिवारी, मुकेश जोशी, समीर अली, मुकेश पटेल, अखिलेश पटेल आदि ने बधाई प्रेषित की।